# शास.दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय

# रायपुर , छत्तीसगढ़

# वाणिज्य विभाग

## जीएसटी वर्कशॉप

**16 / 09 / 2017**

शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 16 सितंबर 2017 दिन शनिवार को वाणिज्य विभाग एवं CAPS Institute द्वारा जीएसटी तथा अकाउंटिंग टैली विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया ।

इस वर्कशॉप में मुख्य वक्ता चेतन गुप्ता एवं सोनल तिवारी थे। अपने उद्बोधन में डॉ ज्ञानेंद्र शुक्ला ने वर्तमान युग में टैली के महत्व को समझाते हुए किया ।

चेतन गुप्ता ने जीएसटी अकाउंटिंग टैली के महत्व व कैरियर से जुड़ी संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने बताया की टेक्नोलॉजी के युग में स्टूडेंट्स को जीएसटी और अकाउंटिंग के साथ-साथ टैली सॉफ्टवेयर की जानकारी होना भी बहुत आवश्यक है, क्योंकि जीएसटी का पूरा ढांचा टेक्नोलॉजी पर निर्भर करता है अतः टैली सॉफ्टवेयर की जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सोनल तिवारी ने स्टूडेंट्स को जीएसटी और कैरियर के बारे में विस्तार से बताया । उपरोक्त वर्कशॉप में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र शुक्ला ,श्रीमती रितु मारवाह (सहायक

प्राध्यापक) श्रीमती आकांक्षा राठौर (सहायक प्राध्यापक) ,कुमारी नेहा दुबे (सहायक प्राध्यापक) एवं कुमारी चंचल सोनी (सहायक प्राध्यापक) उपस्थित रहे I

छात्राओं ने कार्यक्रम मे बहुत ही उत्साह से भाग लिया। छात्राओं ने कहा इससे उन्हें टैली के महत्व की जानकारी हुई I जीएसटी के विषय में भी सामान्य ज्ञान प्राप्त हुआ I कार्यक्रम की समाप्ति पर श्रीमती रितु मारवाह ने कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया।







# कॉलेज स्टूडेंट्स ने समझी अकाउंटिंग टैली, जीएसटी

## वर्कशॉप में एक्सपर्ट ने दी सॉफ्टवेयर की जानकारी



### Workshop On GST

सिटी रिपोर्टर | रायपुर

डीबी गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यहां स्टूडेंट्स को टैली जीएसटी और अकाउंटिंग के महत्व और फ्यूचर से जुड़ी संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कंपनी के डायरेक्टर चेतन गुप्ता ने कहा कि टेक्नोलॉजी युग में स्टूडेंट को जीएसटी और अकाउंटिंग के साथ-साथ टैली सॉफ्टवेयर की जानकारी होना जरूरी है। जीएसटी का पूरा ढांचा टेक्नोलॉजी पर निर्भर है। सोनल तिवारी ने स्टूडेंट्स को जीएसटी और करियर के बारे में बताया। इस मौके पर कॉलेज के टीचर्स और स्टूडेंट्स मौजूद थे।